o/c

**प्रेषिका,**

**अल्पना,**
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कासगंज ।

**सेवा में,**

**महा निबन्धक,**
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद ।

पत्रांक सं० :- 118 /XV/ परिवार न्यायालय /कासगंज दिनांक - 16-05-2024

**विषय—** **चल, अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में भेजे गए विवरण पर माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या**—3961 / IV-2679/ Admin.(A-4): Dated 29.03.2024 **के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

निवेदन करना है कि, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत उपरोक्त पत्रांक के माध्यम से पूर्व में प्रेषित पत्रांक सं0—697 / IV-2679/ Admin.(A-4): Dated 19.01.2021 में बॉछित विवरण / सूचना प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है ।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित पत्रांक सं0—697 / IV-2679/ Admin.(A-4): Dated 19.01.2021 में वित्तीय वर्ष 2017—2018 बचत खाते में जमाशुदा धनराशि के सम्बन्ध में विसंगति होने का उल्लेख करते हुए वित्तीय वर्ष 2013—2014, 2014—2015, 2015—2016 व 2016—2017 में बचत खाते में जमाशुदा धनराशि के स्रोत एवं घर के खर्चे का प्रबन्धन को स्पष्ट करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था ।

माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा बॉछित सूचना / स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में ससम्मान् निवेदन है कि, सम्पत्ति विवरण में मेरे द्वारा वेतन धनराशि जमा किये जाने के बैंक बचत खाता सं0—00000030674861017 का विवरण प्रस्तुत किया गया है । उपरोक्त बचत खाता सेविंग प्लस एकाउन्ट है तथा सम्पत्ति विवरण में मेरे द्वारा स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि उपरोक्त बचत खाता वर्ष 2010 से सेविंग प्लस खाते के रूप में संचालित है ।

बचत प्लस खाता मोड्स से जुड़ा बचत बैंक खाता होता है जिसमें बचत बैंक खाते से एक सीमा से अधिक धनराशि स्वचालित रूप से रूपयों के गुणांक में खोले गए सावधि जमा में स्थानान्तरित हो जाती है । मेरे बचत खाते में एक लाख रूपये से अधिक धनराशि होने पर वह स्वचालित रूप से सावधि जमा में स्थानान्तरित हो जाती थी तथा मेरे द्वारा उपरोक्त वित्तीय वर्षों के विवरण में बचत खाता एवं मोड्स में जमा धनराशि को सम्मिलित करके दर्शाया गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2013—2014 में मेरे बचत खाते में 1,15,340 / —रूपये, वित्तीय वर्ष 2014—2015 में 1,84,675 / —रूपये, वित्तीय वर्ष 2015—2016 में 1,65,768 / —

रूपया तथा वित्तीय वर्ष 2016—2017 में 1,00162/—रूपये तथा वित्तीय वर्ष 2017—2018 में 1,27,789/—रूपया वित्तीय वर्ष के अन्तिम तिथि 31 मार्च को जमा थे । उपरोक्त खाते की पासबुक में केवल बचत खाते में दी गयी व्याज धनराशि प्रदर्शित होती है तथा मोड्स एकाउन्ट (सावधि खाते) में जमा धनराशि पर व्याज पासबुक में प्रदर्शित नहीं होता है तथा इसके अतिरिक्त उपरोक्त खाते से यदि एक लाख रूपये से अधिक की धनराशि आहरित की जाती है तो मोड्स एकाउन्ट से उपरोक्त धनराशि बचत खाते में आ जाती है तथा मोड़स समाप्त हो जाता है क्योंकि उपरोक्त बचत प्लस खाते में सावधि जमा धनराशि में दिये गए व्याज का कोई उल्लेख नही है । अतः ऐसी स्थिति में सावधि में जमा धनराशि पर बैंक द्वारा कितना व्याज दिया गया इसका कोई विवरण उपलब्ध नही है । मेरे द्वारा वित्तीय वर्ष 2018— 2019, 2019—2020 का सम्पत्ति विवरण प्रस्तुत किये जाते समय इस तथ्य का उल्लेख विवरण में किया गया है कि माह सितम्बर 2019 के उपरान्त कोई धनराशि मोड़स में स्वीप नहीं हुई है तथा इसके बाद केवल व्याज ही मोड्स पर क्रेडिट (जमा) हुआ है ।

माह सितम्बर 2019 के बाद मेरे बचत खाते से कोई भी धनराशि स्वतः सावधि जमा योजना में स्थानान्तरित नहीं हो रही है ।

माननीय न्यायालय का उपरोक्त पत्र प्राप्त होने के उपरान्त मेरे द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, एटा के शाखा प्रबन्धक को सावधि जमा (मोड्) पर दिये गए व्याज का विवरण दिये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र दिया गया है लेकिन उक्त प्रार्थनापत्र पर बैंक की ओर से कोई जबाव प्राप्त नहीं हुआ है तथा प्रतीक्षा करने के उपरान्त मेरे द्वारा इस तथ्य का उल्लेख करते हुए वित्तीय वर्ष 2018—2019, 2019—2020 का सम्पत्ति विवरण माननीय न्यायालय, ऑन लाईन प्रेषित किया गया है। विवरण प्राप्त होने की प्रतीक्षा करने के कारण ही उपरोक्त वित्तीय वर्ष का सम्पत्ति विवरण माननीय न्यायालय को समय से प्रेषित नहीं किया जा सका।

माननीय न्यायालय का पत्रांक सं0—396/IV-2679/ Admin.(A-4): Dated 29.03.2024 प्राप्त होने के उपरान्त मेरे द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, मुरादाबाद जहॉ से यह खाता संचालित है, के मुख्य शाखा प्रबन्धक को प्रार्थनापत्र दिनांक 12.04.2024 यह विवरण प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में दिया गया कि, वित्तीय वर्ष 2014—2015, 2015—2016, 2016—2017 एवं 2017—2018 में मोड पर दिये गए व्याज का विवरण उपरोक्त वित्तीय वर्ष पर मोड़ पर दिये जाने वाली व्याज दर के साथ मुझे उपलब्ध करायें तथा इसके साथ ही प्रार्थनापत्र दिये जाने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2013—2014 का भी वित्तीय विवरण दिये जाने की प्रार्थना की गयी है तथा मुख्य शाखा प्रबन्धक, के द्वारा मेरे ई—मेल आई0डी0 पर दिनांक 01.05.2024

को यह मेल प्रेषित किया गया है कि, एस0बी0 एकाउन्ट नं0—30674861017 से सम्बद्ध मोड्स पर व्याज के विवरण उपलब्ध करने के लिए उनके द्वारा टैक्नीकल हैल्प डेस्क को आग्रह किया गया है तथा उक्त विवरण दिये जाने में कुछ समय लग सकता है । आज की तिथि तक मुझे भारतीय स्टेट बैंक की ओर से मोड पर क्रेड़िट किये गए व्याज का कोई विवरण प्राप्त नहीं हुआ है ।

भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबन्धक, मुरादाबाद को दिये गए प्रार्थनापत्र दिनांकित 12.04.2024 की प्रति तथा मुख्य शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, मुरादाबाद के द्वारा मेल पर प्रेषित पत्र को जबाव के साथ संलग्न करके प्रेषित किया जा रहा है ।

इसके साथ यह भी निवेदन करना है कि, उपरोक्त बचत प्लस खाते में वेतन के अतिरिक्त अन्य भत्तों के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली धनराशि भी जमा होती है तथा वित्तीय वर्ष 2013-2014 में उपरोक्त बैंक खाते में विद्युत, समाचारपत्र, पेट्रोल, टी0डी0एस के सम्बन्ध में काटी गयी अधिक राशि की वापसी, बचत खाते में दिये गए व्याज की धनराशि को सम्मिलित करते हुए 94,785/—रूपया जमा हुआ है, वित्तीय वर्ष 2014—2015 में विद्युत, समाचारपत्र, पेट्रोल, टी0ए0, ट्रेनिंग टी0ए0 व बचत खाते पर व्याज को सम्मिलित करते हुए कुल धनराशि 1,35,755/—रूपये, वित्तीय वर्ष 2015—2016 में विद्युत, समाचारपत्र, पेट्रोल, होम एल0टी0सी0, ट्रेनिग टी0ए0 व बचत खाते पर व्याज को सम्मिलित करते हुए 69,379/—रूपया तथा वित्तीय वर्ष 2016—2017 में विद्युत समाचारपत्र, पेट्रोल, एल0टी0सी0, ट्रेनिग टी0ए0, बचत खाते पर व्याज को सम्मिलित करते हुए 71,298/—रूपये तथा वित्तीय वर्ष 2017—2018 में विद्युत, पेट्रोल, ट्रेनिंग टी0ए0, समाचापत्र व बचत खाते पर व्याज को शामिल करते हुए 64033/—रूपया उपरोक्त खाते में जमा हुआ है तथा मोड् एकाउन्ट में दिये गए व्याज का विवरण बैंक से इस सम्बन्ध में विवरण प्राप्त होने पर प्रेषित किया जा सकता है ।

इसके साथ ही यह भी निवेदन करना है कि, चार सदस्यों वाले मेरे परिवार में दो सदस्य आय अर्जित करने वाले हैं तथा घर के खर्चे में मेरे पति के द्वारा भी समान रूप से योगदान दिया जाता है ।

**भवदीया,**

Alpana

**(अल्पना),**
प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, कासगंज ।

दिनॉक : 16.05.2024

संलग्नक— शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, मुरादाबाद को दिये गए प्रार्थनापत्र दिनांक 12.04.2024 की प्रति, मुख्य शाखा प्रबन्धक के द्वारा ई—मेल से प्रेषित जबाव ।

To

The Manager
State Bank of India
Civil Lines Branch Moradabad.

Sir,

I have an account no 30674861017 in your branch. This account is saving Plus account (MOD Account). Entries in my passbook do not show the interest credited on MOD in financial year 2014-2015, 2015-2016, 2016-2017 and 2017-201

You are therefore requested to provide me the details of interest on ~~mods~~ MOD in financial year 2014-2015, 2015-2011 2016-2017 and 2017-2018 and also the rate of interest on MOD during this period

Dated - 12-04-2024

Yours ~~Sincerely~~

Alpana

12/4/24.

## MOD INTEREST CALCUATION FOR fy 2014-15,2015-16,2016-17,2017-18

1 message

**SBI MORADABAD(00682)** <sbi.00682@sbi.co.in> Wed, 1 May 2024 at 20:02
To: alpananeeraj6@gmail.com <alpananeeraj6@gmail.com>

Dear Ma'am,

We have requested our Technical helpdesk for providing MOD interest details of MODs linked to SB ac 30674861017 for the period fy 2014-15,2015-16,2016-17,2017-18. It will take some time to provide the requested details .We are very sorry for the inconvinience caused to you.

*शुभाकांक्षी / Regards*


*मुख्य प्रबन्धक /Chief Manager*
*भारतीय स्टेट बैंक / State Bank of India*
*मुरादाबाद मुख्य शाखा (00682) / Moradabad Main Branch (00682)*
*सिविल लाइन्स, मुरादाबाद -244001 / Civil Lines, Moradabad- 244001*
*PhoneNo 7992118800*



The information in this mail is confidential and is intended solely for addressee. Access to this mail by anyone else is unauthorized. Copying or further distribution beyond the original recipient may be unlawful. Any opinion expressed in this mail is that of sender and does not necessarily reflect that of State Bank group.
---

13:57

Fw: DEPOSIT INTEREST CERTIFICATE FOR THE FY 2014-15,2015-16,2016-17,2017-18

Add label

SBI MORADABA... 29 May

to Krishna, Rajesh, me

Dear Sir,

Please refer the trail mail , we once again request to to the needful and provide the interest certificate for the MOD accounts linked with SB account number 30674861017 in the name of Alpana Sharma as needed by the Customer. at the earliest for the FY 2014-15, FY 2015-16, FY 2016-17, FY 2017-18

*शुभाकांक्षी / Regards*

*मुख्य प्रबन्धक /Chief Manager*
*भारतीय स्टेट बैंक / State Bank of India*
*मुरादाबाद मुख्य शाखा (00682) /*
*Moradabad Main Branch (00682)*
*सिविल लाइन्स, मुरादाबाद -244001 /*
*Civil Lines, Moradabad- 244001*